दिन—बुधवार दिनांक— 30 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवम्बर से शुरु होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी।

02. राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी। तरारी विधानसभा क्षेत्र से चार और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया।

03. राज्य में संक्षिप्त मतदाता पुर्नरीक्षण कार्यक्रम शुरू। अट्ठाईस नवम्बर तक लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और अन्य संशोधन के लिए कर सकते हैं आवेदन।

04. और, राज्य में दीपावली को लेकर उत्साह का माहौल। बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————————

बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र आगामी पच्चीस नवम्बर से शुरु होगा। सत्र उनतीस नवम्बर तक चलेगा। इस दौरान पांच बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन नये सदस्यों का शपथ ग्रहण, राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रतियों का प्रस्तुतीकरण और वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को विभिन्न विधेयकों पर चर्चा, अट्ठाईस नवम्बर को अनुपूरक बजट पर चर्चा और सत्र के अंतिम दिन उनतीस नवम्बर को गैर सरकारी सदस्यों के संकल्पों पर चर्चा होगी।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया आज पूरी हो गई। जानकारी के अनुसार भोजपुर के तरारी विधानसभा क्षेत्र से चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। वहीं, कैमूर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया है। इसके साथ ही तरारी में दस और रामगढ़ में पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गया जिले के इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से किसी प्रत्याशी ने

नामांकन वापस नहीं लिया है। इन चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिनमें चौवालीस नामांकन वैध पाये गये। इन सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान तेरह नवंबर को होगा जबकि मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी।

———————————————————————————

राज्य में संक्षिप्त मतदाता पुर्नरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के बाद लोग अपने दावे और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि अट्ठाईस नवम्बर तक राज्य का कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और उसमें किसी संशोधन के लिए ऑन लाइन या ऑफ लाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। दीपावली को लेकर हर ओर उल्लास का वातावरण है। बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। विभिन्न स्थानों पर लोग लक्ष्मी—गणेश की मूर्तियां, मिट्टी के दीये, खिलौने और पूजन सामाग्री की खरीदारी कर रहे है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

इधर, दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में यह पहला दीपोत्सव समारोह है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसमें ग्यारह सौ बटुक और एक सौ सत्तावन संत एक साथ सरयू के घाट पर सबसे बड़ी आरती में शामिल हुए।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्याल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपावली सनातन संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। उन्होंने लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है।

———————————————————————————

भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सात हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। रेलवे पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ढाई हजार अतिरिक्त रेलगाड़ियां चला रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि पिछले साल संचालित साढ़े चार हजार रेलगाड़ियों की तुलना में इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार कर दी गई है।

———बाईट———

इस साल सेवेन थाउजेंड ट्रेन्स रन की जा रही है। छठ और दीपावली के लिए, स्पेशल ट्रेन्स। यानी करीब–करीब दो लाख लोग एक्स्ट्रा डेली ट्रेवल कर पाएं, वो व्यवस्था की जा रही है।

इधर, रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, टिकट वेंडिंग मशीनें, पूछताछ काउंटर, खान–पान सेवाएं, पीने का पानी और मोबाइल शौचालय भी स्थापित किए हैं। छठ पूजा के बाद वापसी करने वाले लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल, दानापुर और पाटलिपुत्र स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया है। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए आठ से दस नवम्बर तक इन स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद रहेगी।

————————————————————————————

दरभंगा से दिल्ली के बीच इंडिगो की प्रतिदिन की उड़ान के लिए आज से बुकिंग शुरू हो गई है। पहली उड़ान बारह दिसंबर को होगी। इससे पहले दरभंगा से मुंबई के बीच इंडिगो के उड़ान की बुकिंग शुरू की गयी थी। यह जानकारी जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा ने दी है। उन्होंने बताया कि दरभंगा से देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई के बीच हवाई यात्रा सुलभ होने से उत्तर बिहार के लोगों को लाभ होगा और मिथिला के विकास को बल मिलेगा। गौरतलब है कि दरभंगा से दिल्ली और मुंबई के लिए अब तक सिर्फ स्पाइसजेट कंपनी की उड़ान सेवा ही उपलब्ध थी।

————————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व एकता दिवस दो हजार चौबीस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में एकता की शपथ दिलाई। विश्व एकता दिवस हर साल इकतीस अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करना है, जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने राष्ट्र को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

———बाईट———

ये एक भारत, श्रेष्ठ भारत जो हम देख पा रहे हैं। इसकी नींव सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रखी थी। उन्होंने पांच सौ बासठ छोटी—बड़ी रियासतों को बहुत कम समय में एकाकृत किया है। सबको यूनाइट किया है और जो हम आज भारत का स्वरूप देख रहे हैं, ये उनकी देन है।

———————————————————————————————

लौह पुरुष की कल जयंती के उपलक्ष्य में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना की ओर से रन फॉर यूनिटी, राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना के आशियाना दीघा सड़क पर आयोजित एकता दौड़ में केंद्रीय संचार ब्यूरो और पीआईबी के कई अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गयी।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी के कार्यालय के मामले में नियम के अनुसार कार्रवाई की गयी है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा समाप्त होने के चलते नियम के तहत ही कार्यालय छोड़ने को कहा गया है।

———बाईट———

इधर, इस मामले में पटना उच्च न्यायालय ने श्री पारस को राहत दी है। न्यायालय ने जबरन पार्टी कार्यालय खाली कराने पर रोक लगाते हुए कार्यालय खाली करने के लिए दो सप्ताह की मोहलत दी है।

———————————————————————————————

बिहार सरकार के कर्मचारियों को स्मार्ट तरीके से आवास आवंटन के लिए ऑन लाइन सिस्टम की शुरुआत की गयी है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि पटना के सरकारी क्वार्टर विभाग के साफ्टवेयर ई— निवास के माध्यम से आवंटित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब चार हजार क्वार्टर के आवंटन और प्रबंधन का कार्य इसके माध्यम से किया जाता है।

———————————————————————————————

भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण दिवस के अवसर पर नालंदा के पावापुरी में पावापुरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्शों पर चलकर राज्य लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए भगवान महावीर के उद्देशों को अपनाना जरूरी है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————————

सुप्रसिद्ध लोक गायिका और पद्‌मभूषण शारदा सिन्हा का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। पिछले दिनों तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। इधर, आज उनके पुत्र अंशुमान ने महापर्व छठ को समर्पित उनके गीतों का ऑडियो रिलीज किया। श्री अंशुमान ने बताया कि शारदा सिन्हा इस गीत का वीडियो शूट स्वयं करना चाहती थीं, लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण ये नहीं हो सका।

———————————————————————————————

सहरसा जिले के जलई थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरगांव के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी अमित पासवान गंभीर रुप से घायल हो गया। पचास हजार के ईनामी अपराधी अमित पर मधेपुरा और सहरसा जिले में बारह से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के औसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के सिमराहा, कुर्साकांटा और रानीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित सीरप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

बेगूसराय की एक स्थानीय अदालत ने स्पीडी ट्रायल चलाकर पॉक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को आजीवन कारावास के साथ पचास हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवम्बर से शुरु होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी।

02. राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी। तरारी विधानसभा क्षेत्र से चार और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया।

03. राज्य में संक्षिप्त मतदाता पुर्नरीक्षण कार्यक्रम शुरू। अट्ठाईस नवम्बर तक लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और अन्य संशोधन के लिए कर सकते हैं आवेदन।

04. और, राज्य में दीपावली को लेकर उत्साह का माहौल। बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त